*This Question Paper contains 8 printed pages.*
*(विभाग - A, B, C & D)*

Sl.No. 197877

# 14 (H)

**(MARCH, 2024)**

समय : 3 घंटे] [अधिकतम अंक : 80

<u>सूचनाएँ :</u>

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं **A, B, C** और **D** एवं कुल **1** से **55** प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग – A
### (गद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : **[3]**

1) वूढ़ी काकी के भतीजे का नाम क्या था?
(A) धनीराम (B) पं. बुद्धिराम
(C) सुखराम (D) दुःखराम

2) उज्जयिनी की राज्यसभा का प्रत्येक व्यक्ति कालिदास को किस लिए जानता था?
(A) ऋतुसंहार के लिए (B) संगीतसंहार के लिए
(C) गीतसंहार के लिए (D) नाट्यसंहार के लिए

3) वनस्पति विज्ञान का महान पंड़ित कौन बन गया?
(A) स्वामी विवेकानंद (B) स्वामी दयानंद
(C) डंकन (D) श्री अरविंद

GYAN GATHA EDUCATION IS EMPOWERMENT

■ सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [3]

4) 'अलबम' कहानी के माध्यम से .................. का जतन करने की प्रेरणा मिलती है।
(मानव मूल्यों/ पारिवारिक मूल्यों)

5) 'देख लेना, एक दिन यही बिन्दू घर में से ................ उठाकर न ले जाए तो मेरा नाम मालती नहीं।'
(सब्जी/ ट्रंक)

6) पोम्पी नगर के खंडहरों में खुदाई करते हुए एक ................ प्राप्त हुआ था।
(नरकंकाल/ डायनासोर का कंकाल)

■ निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए : [3]

7) मैं हैरान हूँ कि टेल्को जैसी कम्पनी ..................।
(A) भारतीय विज्ञान संस्थान की स्थापना की।
(B) स्त्री–पुरूष के बीच ऐसा भेद–भाव कैसे कर सकती है।
(C) महिला विद्यार्थिओं के पढ़ने के लिए छात्र वृत्ति देती है।

8) शादीराम पुरानी पत्रिकाएँ बेचते नहीं थे क्योंकि
(A) उनके रोते हुए बच्चे उन चित्रों को देखकर चुप हो जाते थे।
(B) उनकी कोई ज्यादा रकम नहीं मिल सकती थी।
(C) उनके भाई की अमानत थी।

9) वस्तुतः हमारे धर्म, दर्शन और आध्यात्म के दर्शन ने मनुष्य को ..............।
(A) सहज आस्तिक और प्रफुल्लित बना दिया।
(B) अनावश्यक गंभीर और कृत्रिम बना दिया।
(C) उसने जीवन की सबसे बड़ी गुत्थी सुलझा दी।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक–एक वाक्य में लिखिए : [2]

10) 'जीने की कला' पाठ के आधार पर दुनिया में सबसे बड़ा बुद्धिमान कौन है?

11) 'एक नई शुरुआत' के दो वैज्ञानिकों के नाम बताइए।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

12) राम प्रसाद बिस्मिल की माँ ने शिक्षा प्राप्त करने के लिए क्या–क्या प्रयत्न किए?

अथवा

गाँव के युवक पंचायत के पदाधिकारियों से किस बात पर नाराज थे?

■ निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

13) क्या देखकर रूपा को पश्चाताप हुआ? क्यों?

अथवा

चोरी का पता लग जाने पर नंदन ने बिन्दू के प्रति कैसा व्यवहार किया? क्यों?

■ निम्नलिखित कथन का आशय स्पष्ट कीजिए : [2]

14) तुम्हारे लिए प्रश्न अधिकार का है, उनके लिए संवेदना का।

अथवा

कविता आत्मा की कला है, संवेदना का सौन्दर्य है।

GYAN GATHA EDUCATION IS EMPOWERMENT

## विभाग – B
## (पद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [3]

15) यमुना किनारे कदंब की डाल पर रसखान किस रूप में बसना चाहते हैं?
(A) पशु (B) भगवान
(C) पक्षी (D) मनुष्य

16) सबकी नजर बचाकर खरहा कहाँ रहता था?
(A) अपने बिल में (B) वृक्ष के तने में
(C) झाड़ी में (D) जंगल में

17) कवि काका 'हाथरसी' भक्त गण को कौन–सा गुण ग्रहण करने की बात करते हुए व्यंग्य करते हैं?
(A) हाथ में गोमुखी लेकर ईश्वर स्मरण करना
(B) पोथी – पत्रा पढ़कर ज्ञानी बनना
(C) मुख में, गले में माला, तिलक लगाकर घूमना
(D) दूसरों को उपदेश सुनाना

■ सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [3]

18) कवि जन शक्ति की चेतना द्वारा भारत में .................. लाना चाहते है।

(महाक्रांति/ नवयुग)

19) कृष्ण भक्ति में मतवाली मीरा ने संसार त्याग की चरम सीमा पर पहुँचकर .............. की शरणागति स्वीकार किया है।

(राम कृष्ण/ गिरिधरनागर)

20) जननी जन्मभूमि .................. से महान है।

(स्वर्ग/ नरक)

■ निम्नलिखित विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर वाक्य पूर्ण कीजिए : [3]

21) अमीर खुसरो की पहेली में अनार ..................।

(A) दाना न था

(B) फेरा न था

(C) तला न था

22) कोटि-कोटि कंठों से निकली आज यही स्वरधारा ................।

(A) नव सर्जन के फूल खिले।

(B) पूरा विश्व हमारा है।

(C) भारत वर्ष हमारा है हिन्दुस्तान हमारा है।

23) कवि रांगेय राघव श्रम का वंदन करते हैं। मेधा का ...................।

(A) गायन करते हैं।

(B) अविराम उपासना करते हैं।

(C) दीपों से नव प्रकाश लाते हैं।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में दीजिए : [2]

24) 'जन्म भूमि' कविता में कवि ने भारत की किन नारियों की बात बताई है?

25) साधु उपदेश देने के लिए झोंपड़ी कहाँ बनाते हैं?



GYAN GATHA
EDUCATION IS EMPOWERMENT

■ निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

26) 'पश्मीना' ध्वज से कवि का क्या तात्पर्य है?

अथवा

मीरा इस भवसागर को किस प्रकार पार करना चाहती हैं?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

27) तोता और इन्द्र का संवाद अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

'कुत्ते की सीख' काव्य से क्या वोध मिलता है?

■ निम्नलिखित पंक्तियों का भाव स्पष्ट कीजिए : [2]

28) गरज उठे व्यालीस कोटि जन–गण,
उनके अन्तस्तल सिहरे,
आज नये युग के नयनों से,
ज्वलित अग्नि पुंज भरे।

अथवा

वह वसुधैव बना कुटुंबकम्

## विभाग – C
### (व्याकरण विभाग)

■ निम्नलिखित कहावत का सही अर्थ लिखिए : [1]

29) मुख में राम बगल में छूरी

■ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए : [1]

30) जहाँ मनुष्य न हों

■ निम्नलिखित शब्द का संधि विच्छेद कीजिए : [1]

31) कण्ठावरुद्ध



GYAN GATHA EDUCATION IS EMPOWERMENT

■ निम्नलिखित शब्दों का संधि कीजिए : [1]

32) प्रति + ईक्षा

■ निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [2]

33) फूला न समाना

■ निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए : [2]

34) उपस्थित

35) सद्व्यवहार

■ निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखिए : [2]

36) पवन

37) घन

■ निम्नलिखित शब्दों की भाव वाचक संज्ञा बनाइए : [2]

38) बच्चा

39) उदास

■ निम्नलिखित शब्दों के विशेषण बनाइए : [2]

40) क्षण

41) वास्तव

■ निम्नलिखित शब्दों के कर्तृवाचक संज्ञा बनाइए : [2]

42) उपदेश

43) इतिहास

GYAN GATHA EDUCATION IS EMPOWERMENT

■ निम्नलिखित शब्दों का समास पहचानिए : [2]

44) राजपुरूष

45) नीलकमल

## विभाग – D
## (लेखन कार्य)

■ निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर टिप्पणी लिखिए : [3]

46) आकाशवाणी

अथवा

दूरदर्शन

■ निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक – एक वाक्य में दीजिए : [6]

हमारी वर्तमान समस्याओं में से प्रदूषित हो रहे पर्यावरण और गंदगी मुख्य समस्याओं में से एक है। पर्यावरण की शुद्धि के लिए लोगों की जीवन पद्धति एवं मानसिकता को बदलना जरुरी है। अलग – अलग क्षेत्र के लोग विचारकों, समाज हितेच्छुओं और पर्यावरणवादी पर्यावरण को प्रदूषित होने से रोकने के लिए, लोगों में पर्यावरण के वारे में जागृति लाने के लिए प्रयत्न कर रहे हैं। इस दिशा में एक सर्जक के रुप में डॉ. महेन्द्र संघवी ने 'जिन्दगी एक अधूरी साधना' नामक उपन्यास लिखकर अपना पर्यावरण प्रेम व्यक्त किया है। लोग पर्यावरण के अनुरक्षण हेतु जागृत वने रहें। धरती की पीड़ा के समझने और उसके निवारण हेतु प्रयत्न करें ऐसे सद्आशय से यह उपन्यास लिखा गया है।

प्रश्न :

47) वर्तमान समस्याओं में मुख्य समस्या कौन–सी है?

48) लोगों की जीवन पद्धति और मानसिकता को बदलना क्यों आवश्यक है?

49) पर्यावरण–प्रदूषण को नियंत्रित (रोकने) के लिए कौन–कौन जागृति लाने का प्रयास कर रहे हैं?

50) डॉ. संघवी ने पर्यावरण के प्रति प्रेम कैसे व्यक्त किया?

51) उपन्यास किस सद्आशय से लिखा गया है?

52) इस परिच्छेद का उचित शीर्षक दीजिए।

■ निम्नानुसार पत्र लिखिए : [5]

53) B/26, माधव रेसीडेन्सी, अहमदाबाद निवासी श्रवण पटेल, गांधीधाम निवासी अपने मित्र पार्थ मलहोत्रा को जीवन में खेलों का महत्व समझाते हुए पत्र लिखते है।

■ रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर उचित शीर्षक एवं बोध लिखिए : [5]

54) घना जंगल–विशाल एवं घने वृक्षों पर पक्षियों का बसेरा – रोज पंछियों का बच्चों के लिए दाना चुगने के लिए उड़ जाना – जाने से पूर्व बच्चों को समझाना – नीचे मत जाना यदि जाओ तो संभलकर – फँसना नहीं – बहेलिया आयेगा – जाल बिछायेगा – बच्चों द्वारा सुनना – माँ की बात को रटते रहना – एक दिन पेड़ से नीचे उतरना – दाने देखकर खुश होना – माँ की सीख याद आना – चौकन्ना हो जाना – सावधान होकर उड़ जाना – बहेलिए का निराश होकर पछताना – शीर्षक – सीख

55) किसी एक विषय पर लगभग 150 शब्दों में निबंध लिखिए : [7]

■ अनुशासन का महत्व
प्रस्तावना – अनुशासन का अर्थ – दैनिक जीवन में अनुशासन की आवश्यकता – विद्यार्थिओं के लिए अनुशासन की आवश्यकता – अनुशासित व्यक्ति के गुण – महत्व – लाभ – उपसंहार

अथवा

■ भ्रष्टाचार : कारण एवं निवारण
प्रस्तावना – भ्रष्टाचार का तात्पर्य – भ्रष्टाचार के कारण – भ्रष्टाचार की व्यापकता – भ्रष्टाचार से देश की स्थिति – हानि – उपसंहार

अथवा

■ मेरा भारत स्वच्छ भारत
प्रस्तावना – भारत की वर्तमान स्थिति – अस्वच्छता से हानि – स्वच्छता की आवश्यकता – स्वच्छता की शुरुआत स्वयं से – राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छ भारत अभियान – देश – परिवार और समाज के प्रति कर्तव्य – उपसंहार

♦ ♦ ♦